नेतरहाट आवासीय विद्यालय
नेतरहाट

सूचना संख्या : 408 दिनांक : 25.11.26

आवश्यक सूचना

विषय: नेतरहाट प्रवेश परीक्षा (सत्र 2026-27) के अस्वीकृत आवेदनों की सूची एवं प्रवेश-पत्र डाउनलोड करने के संबंध में।

सर्वसाधारण एवं संबंधित अभ्यर्थियों को सूचित किया जाता है कि नेतरहाट प्रवेश परीक्षा (सत्र 2026-27) हेतु प्राप्त आवेदनों की संवीक्षा के पश्चात अस्वीकृत आवेदनों की सूची, अस्वीकृति के कारणों सहित विद्यालय की आधिकारिक वेबसाइट पर अपलोड कर दी गई है।

इसके अतिरिक्त, शेष अभ्यर्थियों के लिए प्रवेश-पत्र (Admit Card) दिनांक 30-11-2026 से विद्यालय की वेबसाइट www. netarhatvidyalaya.com पर डाउनलोड हेतु उपलब्ध रहेगा।

महत्वपूर्ण निर्देश:

- प्रवेश पत्र (Admit Card) का निर्गत होना किसी भी अभ्यर्थी की उम्मीदवारी अथवा पात्रता का अंतिम सत्यापन नहीं है।
- अंतिम रूप से चयनित होने के पश्चात, पूर्व में प्रकाशित **विज्ञप्ति संख्या - 262, दिनांक 13-08-2026** के आलोक में अभ्यर्थियों के सभी मूल प्रमाण-पत्रों एवं दस्तावेजों के विधिवत सत्यापन के उपरांत ही विद्यालय में नामांकन लिया जाएगा।
- दस्तावेजों में किसी भी प्रकार की त्रुटि, विसंगति या अपात्रता पाए जाने पर अभ्यर्थी की उम्मीदवारी किसी भी स्तर पर स्वतः रद्द कर दी जाएगी।

अभ्यर्थियों एवं अभिभावकों को सलाह दी जाती है कि वे प्रवेश परीक्षा संबंधी अद्यतन जानकारी के लिए नियमित रूप से विद्यालय की वेबसाइट का अवलोकन करते रहें।

प्राचार्य 25/11/26
नेतरहाट आवासीय विद्यालय
नेतरहाट